**विधान परिषद् के तृतीय सत्र, 2023 के प्रथम शुक्रवार हेतु निर्धारित श्री भीमराव अम्बेडकर, मा0 सदस्य, विधान परिषद् द्वारा <u>पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-11 का उत्तर</u>**

| <u>प्रश्न</u> | <u>उत्तर</u> |
|---|---|
| 11- (क) क्या उप मुख्य मंत्री (ग्राम्य विकास) बतायेंगे कि उ0 प्र0 में मनरेगा योजना संचालित है? | जी हाँ। |
| (ख) यदि हाँ, तो मनरेगा में काम करने वाले श्रमिकों को श्रम विभाग द्वारा आवंटित किस श्रेणी का श्रमिक माना जाता है? | महात्मा गांधी नरेगा योजना एक केन्द्र प्रायोजित योजना है, जिसका क्रियान्वयन ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रदत्त दिशा-निर्देशों के अनुसार किया जाता है।<br>योजना के क्रियान्वयन हेतु ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा मनरेगा गाइड लाइन एवं वार्षिक मास्टर सर्कुलर 2022-23 निर्गत किया गया है।<br>गाइड लाइन एवं वार्षिक मास्टर सर्कुलर के अनुसार श्रमिकों को नियोजित किया जाता है। भारत सरकार द्वारा निर्गत वार्षिक मास्टर सर्कुलर 2022-23 में कहीं भी श्रम विभाग के श्रेणीकरण का उल्लेख नहीं है।<br>राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार के गाइड लाइन के क्रम में ही श्रमिकों का वर्गीकरण किया जाता है। वर्तमान में यह श्रेणीकरण |

कुशल, अर्धकुशल एवं अकुशल है।

| | |
|---|---|
| (ग) क्या मनरेगा श्रमिकों को भी अकुशल श्रमिकों को मिलने वाली मजदूरी दिलायेंगे? | ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा मनरेगा के अकुशल श्रमिकों की मजदूरी निर्धारित की जाती है। वर्तमान मे ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 24.03.2023 के अनुसार मनरेगा श्रमिकों को रूपये 230/- प्रतिदिन की दर से भुगतान किया जा रहा है। |
| (घ) यदि हॉ, तो कब तक? | उपरोक्तानुसार। |
| (ङ) यदि नहीं, तो क्यों? | प्रश्न नहीं उठता। |

**केशव प्रसाद मौर्य**
**उप मुख्यमंत्री।**